तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत



14 बाल व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप का समापन




## 10वीं, 12वीं व स्नातक पास विद्यार्थियों के लिए फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## खबर संक्षेप

### परसकोल में महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम परसकोल की एक महिला के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया अमरिका बंजारे निवासी ग्राम परसकोल वार्ड नंबर 13 ने बताया कि 6 जून की रात 8.30 बजे वह अपने परिवार के साथ खाना खा रही थी, तभी गांव का खेमराज सेवई घर और मेरे पति दिलीप बंजारे के बारे में पूछा, तब उसने बताया कि वह खाना खा रहा है। इसके बाद खेमराज सेवई ने उसके पति से 2 सौ रुपए के संबंध में बात की। उक्त व्यक्ति को महिला के पति ने घर से बाहर किया। इस दौरान महिला अपने ब्यारा में थी। खेमराज के पिता चंद्रशेखर सेवई आए और दोनों एक राय होकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये डंडे से मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सुविधा : अकादमिक भवन में सेंट्रल लाइब्रेरी, रिसर्च रूम, लैब की होगी सुविधा

# मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन ले रहा आकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

मेडिकल कॉलेज के अकादमिक भवन और हॉस्टल का निर्माण कार्य जारी है। दिसंबर 2025 में कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सात मंजिल के अकादमिक भवन में ग्राउंड लोर पर प्रशासनिक कार्यालय होगा। तीसरे फ्लोर पर सेंट्रल लाइब्रेरी और चौथे लोर पर लैब, डेमो रूम बनाने की योजना आकार ले रही है।



मेडिकल कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य दिसंबर 2023 में प्रारंभ हुआ था। सात मंजिला अकादमिक भवन तो तैयार हो गया है, लेकिन अब इंटीरियर का कार्य ही बाकी है। प्रथम मंजिल में डेमो रूम, रिसर्च रूम, फेकल्टी ऑफिस आदि बनाया जाएगा। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय 89.19 एकड़ में 325 करोड़ रुपए में बनाया जा रहा है। वर्तमान अकादमिक भवन और हॉस्टल लगभग 40 एकड़ में बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर यूजी हॉस्टल दो मंजिल का है। हॉस्टल में भी ग्राउंड व फर्स्ट लोर में सिंगल शेयरिंग रूम में 17-17 और डबल शेयरिंग रूम में 34-34 होंगे। वहीं सेकंड लोर पर सिंगल शेयरिंग रूम 18 और डबल शेयरिंग रूम 31 होंगे। इंटर्न हॉस्टल भवन तीन मंजिल का बनाया गया है। ग्राउंड में 16, प्रथम तल में 16, सेकंड फ्लोर पर 16 और तृतीय मंजिल में सिंगल रूम चार होंगे। मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। खरोरा के पास भवनें आकार ले चुकी हैं। लगभग 58 फीसदी कार्य हो चुका है। दिसंबर 2025 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। मेडिकल कॉलेज तक नेशनल हाइवे-353 से मेडिकल कॉलेज तक फोरलेन बनाया जाएगा। जिससे लोग आसानी से आना-जाना कर सकें। इसके लिए मेडिकल कॉलेज द्वारा कलेक्टर को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर कॉलेज तक पहुंचमार्ग बनाया जाएगा। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज जाने के लिए कच्ची सड़क है। वर्तमान में लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। छात्रों के लिए हॉस्टल बन चुका है। मार्ग में आने-जाने की व्यवस्था हो जाने पर हॉस्टल प्रारंभ भी किया जा सकता है। जिससे छात्रों को आने-जाने में दिक्कत नहीं होगी। मेडिकल कॉलेज के प्रो. अलख राम वर्मा ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। दिसंबर 2025 तक पूरा होना है।

#### अस्पताल भी बनेगा

मेडिकल कॉलेज का अस्पताल भी बनाया जाएगा। वर्तमान में लगभग 40 एकड़ में ही कार्य हुआ है। लगाभग भी लगभग 50 एकड़ जमीन मेडिकल कॉलेज के पास है। जिसमें अस्पताल और स्टॉफ क्वार्टर आदि भी बनना है। जो अगले चरण में बनाए जाएंगे। हॉस्टल की सौगात इसी वर्ष मिल सकती है। मेडिकल कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा। इसके अलावा सुविधाएं बढ़ेंगी। चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को खुद का कैंपस मिलेगा। किराए के भवनों से मुक्ति मिलेगी।

## शिक्षक के विरुद्ध जाली दस्तावेज मामले की जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले के बसना ब्लॉक की प्राथमिक

- सभी तथ्यों की गहन पड़ताल करने के दिए निर्देश

शाला पिताईपाली में पदस्थ रहे शिक्षक दिनेश प्रधान पर जाली दस्तावेजों के जरिए वरिष्ठता सूची में गलत तरीके से स्थान हासिल करने का गंभीर आरोप के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने कहा कि जालसाजी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मामले की गहन जांच के लिए मूल नियम 31 (ए) के तहत एक विशेष जांच कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें तीन वरिष्ठ सदस्य शामिल हैं। ▸▸ शेष पेज 13 पर

#### टीम में यह होंगे शामिल

इस टीम में अरुण कुमार प्रधान सहायक प्राध्यापक, डाइट महासमुंद, करण सिंग सोरी प्राचार्य और लीलाधर सिन्हा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महासमुंद को नियुक्त किया गया है। डीईओ ने बताया कि जाँच कमेटी को शिकायत के आधार पर सभी तथ्यों की गहन पड़ताल करने का निर्देश दिया गया है। हम बसना जनपद से प्राप्त दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। यदि आवश्यक हुआ तो तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के हस्ताक्षर का मिलान भी कराया जाएगा, ताकि जालसाजी की हर परत को उजागर किया जा सके।

#### जांच के दायरे में जनपद के दस्तावेज

जांच कमेटी ने बसना जनपद से प्राप्त दस्तावेजों की गहन छानबीन शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों की प्रामाणिकता की जांच के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। यदि जरूरत पड़ी तो तत्कालीन सीईओ के हस्ताक्षर का मिलान भी कराया जाएगा। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जालसाजी कहां और कैसे हुई?

#### दोष सिद्ध होने पर होगी कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए कहा कि जालसाजी और कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## आज से बदलेगा मौसम, बारिश के साथ मानसून देगा दस्तक

### मौसम : आठ जून तक औसत वर्षा 15.5 मिमी हुई, 69 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई 10 जून से बदलेगा मौसम, बारिश के साथ मानसून दे सकता है दस्तक दो दिन तापमान रहेगा ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

आज के बाद मौसम में बदलाव आने के



संकेत मिल रहे हैं। बारिश के साथ मानसून की भी एंट्री हो सकती है। मौसम विभाग ने बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं आज दिन में सोमवार की ही तरह भीषण गर्मी का अहसास होगा। जिसे बाद शाम होते ही बारिश की संभावना जताई जा रही है।

एक जून से अब तक औसत 15.5 मिमी बारिश महासमुंद में होती है। अब तक केवल 4.4 मिमी ही बारिश हुई है। औसत के हिसाब से 69 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। जबकि, 2025 के मई माह में औसत से ज्यादा वर्षा हो गई थी। मौसम विभाग ने महासमुंद जिले में इस वर्ष 993.3 मिमी औसत वर्षा का अनुमान लगाया है। महासमुंद विकासखंड में 1265 मिमी, सरायपाली में 1225 मिमी, बसना में 1268, पिथौरा में 1172.8 मिमी और बागबाहरा में 1026 औसत वर्षा होने का अनुमान है। पिछले 10 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर औसत वर्षा का अनुमान लगाया जाता है। मई महीने में हर दूसरे व तीसरे दिन बारिश हुई थी। जून महीने में मानसून का इंतजार करना पड़ रहा है। 28 मई को मानसून दंतेवाड़ा में पहुंचने के बाद भी मानसून अभी उत्तर छत्तीसगढ़ नहीं पहुंचा है। इस साल बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो एक से आठ जून तक सबसे ज्यादा बारिश महासमुंद विकासखंड में ही हुई है। 20 मिमी बारिश हुई है। सरायपाली 1.6 मिमी, पिथौरा में 3.4 मिमी, बागबाहरा में 1.5 मिमी, कोमाखान में 2.3 मिमी और बसना में अभी बारिश दर्ज नहीं की गई है।

#### पिछले वर्ष इतनी हुई थी बारिश

2024 में एक जून से लेकर 10 अक्टूबर तक 974 मिमी बारिश हुई थी। पिछले वर्ष औसत वर्षा 993 से भी कम बारिश हुई थी। महासमुंद विकासखंड में भी 878 मिमी ही बारिश हुई थी, जो कि औसत वर्षा से 73 फीसदी ही था। पिछले साल सबसे ज्यादा बारिश पिथौरा विकासखंड में 1344.1 मिलीमीटर हुई थी। 2024 में सबसे कम सरायपाली 787 मिलीमीटर बारिश हुई थी।

#### उमसभरी गर्मी से लोग परेशान

9 और 10 जून को तापमान 40 के पार भी जा सकता है। मौसम विभाग ने तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना जताई है। लोगों को उसमभरी गर्मी परेशान कर सकती है। 11 जून के बाद वर्षा की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। खाड़ी में सिस्टम नहीं बनने से मानसून आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इधर, जिले के बांध जैसे कोडार बांध और केशवा जलाशय मानसून की बारिश पर ही निर्भर हैं। इसके साथ ही जिले में 100 लघु जलाशय हैं, जो मानसूनी वर्षा से ही भरते हैं।

## जिले में मोटर साइकिल चोरी के तीन मामले

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा, सरायपाली व सांकरा थाना अंतर्गत तीन अलग- अलग मामले में अज्ञात चोरों ने दो बाइक व एक स्कूटी चोरी को अंजाम दिया है। पुलिस ने तीनों मामले में बीएन एस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।जानकारी के अनुसार पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम कौहाकुडा निवासी नीतिश अग्रवाल ने पुलिस में शिकायत किया कि मेरी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एच सी 9659 से अपने घर से दुकान करीबन 11 बजे आया था। आधा घंटे के बाद बाथरूम करने के लिये दुकान के पीछे गया वापस आकर देखा तो जहां मैने अपने स्कूटी को खड़ा किया था वहां पर नहीं था। मेरी स्कूटी कीमत लगभग 80 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार सरायपाली थाना अंतर्गत वार्ड नं 7 आंवलाचक्का निवासी हृदय निषाद ने पुलिस में शिकायत किया कि मैं 28 मई को करीब 12 बजे अपनी बाइक क्रमांक सी जी 06 जी क्यू 6108 को लाक कर घर के सामने गली में बाजार जाने के लिए खडा कर घर के अंदर आ गया था। करीबन आधे घंटे बाद जब घर से बाहर आया तो वहाँ खड़ी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुराना इस्तेमाली बाइक कीमती 30 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है

#### मंदिर के सामने से बाइक पार

सांकरा थाना अंतर्गत निवासी झुमुक सिंह नेताम ने पुलिस को बताया कि 17 म ई की शाम खान किराना दुकान किराना सामान लेने आया था अपनी बाइक क्रमांक सी जी 06 जी आर 0138 को विरेन्द्रा नगर बजरंग बली मंदिर के सामने खड़ा किया था किराना सामान खरिद कर वापस आया तो देखा कि गाड़ी जहां खड़े किया था वहां पर नहीं था । किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरी लगभग 33 हजार रूपये कीमती बाइक चोरी कर ले गया।

#### एक ही रात तीन खेतों से 3 मोटर पंप चोरी

ग्राम मुस्की में रविवार रात 3 किसानों के खेतों से पंप चोरी हो गई। पिछले वर्ष भी 8 से ज्यादा चोरियों पर किसानों ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई। चोर तो पकड़ा गया पर जब्ती के सामानों की सुपुर्दगी आज तक किसानों को नहीं हो पाई है।


HCC IS NOW हिअरज़ॅप™

निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं

दिनांक: 11 जून से 15 जून
समय: बुधवार से शनिवार ( प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)
रविवार: प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक



▸ श्रवण यंत्र पर भारी छूट
▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
▸ स्पीच थेरेपी



Google Rating ★★★★★ PHILIPS
9659 455 455

**अंबिकापुर**
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**भिलाई**
शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**बिलासपुर**
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**बैरन बाजार (रायपुर)**
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

**धमतरी**
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर**
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

**कोरबा**
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

**कचहरी चौक (रायपुर)**
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**शंकर नगर (रायपुर)**
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

**सारंगढ़** डॉ अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445)

**श्रीनगर, (रायपुर)** डॉ ओ पी लेखवानी, शुभम् हॉस्पिटल, संध्या पेट्रोल पम्प के पास , गुढ़ियारी रोड , श्रीनगर, रायपुर (492009)

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड


## आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के नवीन सत्र के लिए कुणाल का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर में नवीन सत्र में प्रवेश के लिए राज्यभर के विद्यार्थियों का ट्रालय लिया गया। जिसमें शासकीय आशीबाई गोलछा उच्च. माध्य. विद्यालय के कक्षा 11 वीं के छात्र और हॉकी खिलाड़ी कुणाल कुलदीप ने भाग लिया। उनका चयन कर लिया गया है। छात्र कुणाल अब आगे की पढ़ाई तथा हाकी की कोचिंग उक्त अकादमी में रहकर



प्राप्त करेगा। छात्र की इस सफलता पर खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनोज धृतलहरे, डीईओ विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, सतीश नायर, जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, प्राचार्य जीआर सिन्हा, विमल मन्नाडे, तोषण गिरि गोस्वमी, आशीष देवांगन, देवेंद्र शर्मा, संजय मांझी, खोमन चंद्राकर, पूजा साहू, नोबल ध्रुव, कीर्तन साहू, तुलसी राम साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### आरटीई के संबंध में हुई बैठक

**दंतेवाड़ा।** आज जिला शिक्षा कार्यालय के कस्तूरबा सभा कक्ष में सूचना का अधिकार आरटीई के तहत संचालित शालाओं के प्राचार्य एवं नियुक्त नोडल प्राचार्यों का बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में आरटीई के तहत जिले में शेष कुल 61 रिक्त सीट को द्वितीय चरण में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार तथा 30 जून तक शत-प्रतिशत आरटीई सीट में प्रदेश की कार्यवाही पूर्ण करने निर्देशित किया गया। साथ ही शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं निर्मित ऑनलाइन पोर्टल में अपडेशन करने हेतु कहा गया। इसके अलावा इसमें सबसे बड़ी भूमिका यह है कि बच्चे एक या दूसरे क्लास में जाकर ड्राप आउट क्यो होते है उसकी जानकारी लेते हुये ड्राप आउट नहीं किये जाने की हिदायत दी गई।

### नशा मुक्ति जागरूकता पर हुआ कार्यक्रम

**गीदम।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के परिप्रेक्ष्य में शासकीय नवीन महाविद्यालय गीदम में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस आयोजन में लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। यह जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में नशे के प्रति सजगता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एसके माहला उपस्थित रहे।

सुबह मां तुलजा भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ अभिषेक, महाआरती भी हुई

# पंचामृत एवं सात नदियों के जल से किया छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



हिंदवी स्वराज संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक महोत्सव समिति द्वारा आयोजित किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक उस काल में हुआ था जब हिंदू समाज विपरीत परिस्थिति में था। कोई हिंदू राजा नहीं बन सकता था। 500 वर्षों के बाद इस राज्याभिषेक से हिंदुओं में जागरण हुआ था और हिंदू समाज शिवाजी महाराज के नेतृत्व में संगठित हुआ। इसीलिए इसे हिंदू साम्राज्य दिवस कहा जाता है। आज भी हिंदू समाज पर आघात किया जा रहा है। भय और आतंक का माहौल बनाया जा रहा है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। इस राज्याभिषेक का उद्देश्य है कि समस्त हिंदू समाज संगठित होकर समाज की सभी कुरीतियों, समाज में होने वाले आघात को दूर करे। कार्यक्रम के तहत सुबह मां तुलजा भवानी मंदिर में अभिषेक किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज चौक में छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दूध, दही, पंचामृत एवं सात नदियों के जल से मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

इस अवसर पर मराठा समाज अध्यक्ष दीपक लोंधे ने शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घनश्याम साहू ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक, हिंदू साम्राज्य दिवस के बारे में बताया। महापौर रामू रोहरा ने हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वीर सावरकर द्वारा रचित छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती छत्रपति शिवाजी चौक में की गई।

इस अवसर पर कौशल्या देवांगन, नम्रता पवार, विभा चंद्राकर, अखिलेश सोनकर, सतीश पवार, भारती साहू, श्रीलेखा जाधव, भावना घोरपड़े, रानी सावंत ,सृष्टि मगर, कविता पवार, राखी चेतना रणसिंग, नीलू पवार, विनोद रणसिंग, प्रकाश गोलछा, बंटी गायकवाड़, अशोक कावड़े, रितुराज पवार, शक्तिमान बाबर, दुष्यन्त घोरपड़े, अमृत भोंसले, पवन गजपाल, राजीव चंद्राकर, राकेश यादव, राम सोनी, नीतू विशाल त्रिवेदी, कैलाश सोनकर, विजय ठाकुर, अविनाश दुबे, गौरव मगर, विनय जैन, ऋषभ घोरपड़े, अभिषेक जाधव, विजयंत रणसिंग, शिवांश रणसिंग, विनय पटवा, अभिजीत रणसिंग, प्रेम राव, प्रतीक जाचक, आयुष दीवान, शुभम जयसवाल, जतिन कृदत्त, गगन जाधव, अतुल साहू, अभिषेक सोनी, अंकुश जगताप, सुभाष चंद्राकर, चिराग आथा, दीपक गुप्ता, उमेश साहू, आयुषी पवार, नरेंद्र जयसवाल, राजेश त्रिपाठी, मृदुल, ऋतिक जाधव, राणाजी रणसिंग उपस्थित थे।

# पुराने दिनों की स्मृतियों को किया ताजा





- पॉलीटेक्निक कालेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पॉलीटेक्निक कालेज एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह 2025 का आयोजन किया गया। वर्षों बाद अपने साथियों से मिलने की खुशी, गुरुजनों के प्रति सम्मान और संस्थान से पुनः जुड़ने का उत्साह इन सब भावनाओं से कार्यक्रम स्थल जीवंत हो उठा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि

पॉलीटेक्निक कालेज केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि यह एक ऐसा स्थान है जहां युवाओं के सपने आकार लेते हैं। पूर्व छात्र मिलन, उन सुनहरी यादों को फिर से जीने का माध्यम है जहां दोस्ती, संघर्ष और उपलब्धियों की अनगिनत कहानियां बसती हैं।

यह संस्थान न केवल उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र रहा है, बल्कि समाज को समर्पित सशक्त नागरिक भी दे रहा है। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। पुराने दिनों की स्मृतियों को ताजा किया और एक बार फिर संस्था के विकास में सहभागी बनने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और अनौपचारिक संवाद सत्र ने इस आयोजन को और भी अविस्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर प्राचार्य समेत महाविद्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे।

## कबीर प्राकट्य दिवस एवं शोभायात्रा 11 को

**धमतरी।** मानिकपुरी पनिका समाज शहर इकाई द्वारा 11 जून को संत कबीर प्राकट्य दिवस पर कलश एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंचीय कार्यक्रम महावर धर्मशाला में रखा गया है। समाज के तिलकदास, आकाशदास, गौरवदास, अजय दास, शंकरदास, संतोष दास, जतिन दास, भगवान दास, गणपति दास, वामन दास, रमेश दास, जीवन दास, कुमुददास, सुकृत दास, भेदुदास, वरूण दास, अशोक, संतोष, प्रदीप, लक्की, विकास ने बताया कि शहर इकाई द्वारा सामूहिक रूप से 11 जून को महावर धर्मशाला में कबीर जयंती मनाई जाएगी। सुबह भजन-कीर्तन, पूजा पाठ के बाद कलश यात्रा घड़ी चौक से सिहावा चौक तक निकाली जाएगी। सुबह 10 बजे चौका आरती, 11.30 बजे भोजन प्रसादी, 5 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो घड़ी चौक से प्रारंभ होकर गोलबाजार, मठमंदिर चौक, चमेलीचौक, कचहरी चौक, गणेश चौक, रामबाग होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर में सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में कबीर साहेब की झांकी, आतिशबाजी, बैंडबाजा, भजन मंडली की प्रस्तुति होगी। मंचीय कार्यक्रम दोपहर को महावर धर्मशाला में होगा।

# सदर मार्ग में ट्रैफिक अव्यवस्था से नागरिकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पिछले चार दशक से सदर बाजार की स्थिति गंभीर है। संकरा मार्ग के कारण दर्जनों स्थानों पर जाम लगने से नागरिक, व्यापारी, ग्राहक परेशान हैं। शहर के सभी मार्ग का कायाकल्प हो रहा है। एक सदर मार्ग को पूछने वाला कोई नहीं है। समय बीतने के साथ सदर की हालत खराब होती जा रही है। संकरी गलियों में व्यापार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्राहक इस मार्ग में आना नहीं चाहते।

शहर के नागरिक सूरज चंद्रवंशी, पंकज चौहान, कमलेश परमार, वीरेंद्र शाह, शीतल राठौर, नारायण ठाकुर ने बताया कि शहर के अंदर व्यवसाय के सिलसिले में उन्हें हर रोज सदर मार्ग को पार करने की मजबूरी है। ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई है। संकरे मार्ग में वाहनों की संख्या बढ़ गई है। पार्किंग का अभाव है। चौड़ीकरण की मांग ठंडे बस्ते में है।

नागरिकों का कहना है कि व्यापारी और प्रशासन अगर संज्ञान नहीं लेते हैं तो शहर के नागरिको को अब कमान संभालने की जरूरत है।



बदहाल सदर के उद्धार के लिए विकास पुरूष की जरुरत

नागरिकों की ओर से मंच बनाकर शासन प्रशासन को जगाने का काम किया जाएगा। शांतिपूर्ण तरीके से क्रमवार आंदोलन होगा। जनप्रतिनिधियों को भी इसे संज्ञान में लेकर सदर का उद्धार करना चाहिए। शहर में विकास पुरूष की कमी नहीं है। नेताओं की पहुंच अब रायपुर दिल्ली तक हो गई है। सदर का भला करने कदम उठाना चाहिए।

नागरिकों का कहना है कि सबसे ज्यादा खराब स्थिति सदर बाजार की है। यहां रोज जाम लगता है। पार्किंग के अभाव में वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। नो एंट्री के बाद भी चारपहिया वाहनों का प्रवेश, सामान बाहर तक फैलाकर रखना आदि ऐसे कारण है जो सदर मार्ग की छबि खराब कर रहा है। शहर की कुछ जनता नगर घड़ी को तोड़ने की बात कर रही है। बल्कि सदर मार्ग के चौड़ीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठाएं तभी इस मार्ग का कायाकल्प होगा।

# धीवर समाज में उच्च शिक्षा को लेकर आई जागरुकता, बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

- करियर काउंसिलिंग में वक्ताओं ने दिए परीक्षा के डर को दूर करने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धीवर समाज द्वारा शीतला माता मंदिर परिसर महिमासागर वार्ड में करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 250 छात्र-छात्राएं और पालक शामिल हुए। मुख्य अतिथि धीवर समाज के संरक्षक परमेश्वर फुटान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संध्या हिरवानी, धमतरी परगना अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, लक्ष्मी पेंदरिया, डा. दिलीप नाग, हेमंत मत्स्यपाल, सोहर धीवर आदि थे। अतिथियों ने कहा कि धीवर समाज में उच्च शिक्षा को लेकर काफी जागरूकता आई है। समाज के बच्चे 12वीं के बाद कप्यूटर, स्वास्थ्य, टेक्निकल शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे है। जगदलपुर से आए मनोचिकित्सक डॉक्टर निधि वर्मा ने परीक्षा की तैयारी करने में बच्चों





को होने वाली कठिनाई, अच्छी तैयारी करने के बाद भी परीक्षा केन्द्र में भूल जाना तथा परीक्षा के डर को दूर करने के लिए टिप्स दिए।

मास्टर ट्रेनर गणित के व्याख्याता आलोक मत्स्यपाल, कामर्स के व्याख्याता ओमप्रकाश नाग ने बच्चों को 12वीं के बाद किस क्षेत्र में पढ़कर भविष्य संवारा जा सकता है, इस बारे में बताया। डा. दिनेश नाग ने बायो विषय पर बीएमएमएस, एमएससी, (योग) डीएनवायएस, एफएससीए, आयुर्वेद चिकित्सक, पंचकर्म क्षार सूत्र विधि की जानकारी देते हुए इस क्षेत्र में पढ़ाई के लिए बच्चों को प्रेरित किया। समाज के सचिव सोहन धीवर, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र नाग ने बताया कि समाज की ओर से उच्च शिक्षा को सर्वाधिक बढ़ावा जा रहा है। उच्च कक्षाओं में सही विषय चुनने में मदद करने, उनका मनोबल बढ़ाने के लिए बीते 25 वर्ष से करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिले में कक्षा 12वीं में टाप-10 में स्थान बनाने वाली समाज की बेटी हिना तारक सांकरा नगरी समेत उच्च कक्षाओं में प्रथम तीन सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद राशि, प्रशस्ति प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया गया।

मौके पर फिरोज हिरवानी, आशा धीवर, सूर्या धरमगुड़ी, ओंकार धरमगुड़ी, शत्रुघन धीवर, ओमप्रकाश नाग, तीरथराज फुटान, दुर्गेश रिगरी, निर्मल फुटान, खूबलाल धरमगुड़ी, गुड्डू हिरवानी, रमेश हिरवानी, यशवंत कोसरिया, लक्ष्मी जगबेड़हा, वेणुका हिरवानी, करण हिरवानी, ब्रम्हा नाग, सोनूराम नाग, ईशु नाग समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# कुश्ती प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैंपियन बने धमतरी के पहलवान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला कुश्ती संघ के द्वारा 15 वर्षीय बालक- बालिका स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया गया। लगभग 60 पहलवानों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कुल सात जिले रायपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी,बालोद,रायगढ़, दुर्ग, भिलाई के पहलवान इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथसिंह यादव, महासचिव प्रशांत राय, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह यादव, श्रवण कुमार, धमतरी जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण लाल साहू थे। अध्यक्षता डॉ. सीएस चौबे पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज धमतरी ने की। अन्य अतिथि एआर थिटे, पार्षदगण श्रीमती हिमानी भागवत साहू, श्रीमती विभा चंद्राकर, कुलेश सोनी, श्रीमती भारती साहू, खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी एएसओ जगतपति देव, स्कूल शिक्षा विभाग बीएसओ श्रीमती ममता ठाकुर, जिला कुश्ती संघ उपाध्यक्ष कैलाश यादव, जिला कुश्ती संघ संरक्षक सत्यवान यादव, जिला कुश्ती संघ महासचिव विजय यादव, कोषाध्यक्ष जिला कुश्ती संघ राम कुमार साहू, ननकू महाराज, टिकेश्वर निर्मलकर, शिवा प्रधान, ईश्वर पटेल, कुंदन सिंह, शिरोमणि राव घोरपडे, सुभाष चंद्राकर, संतोष साहू, लीना यादव, विकास राजपूत, व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र साहू मौजूद थे।

### नागपुर में कुश्ती के दांवपेंच दिखाएंगी खुशी और रुचि





छत्तीसगढ़ अण्डर 15 वर्ष बालक बालिका राज्यस्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम में हुई। 46 किलोग्राम में रूचि साहू कक्षा दसवीं, खुशी साहू 50 किलो ग्राम कक्षा सातवीं दोनों विद्याकुंज स्कूल लोहरसी का चयन नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

लक्ष्मण साहू पहलवान ने बताया कि प्रथम आए हुए सभी पहलवान 19 जून को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने नागपुर के लिए रवाना होंगे और छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 20 से 21 जून तक होगी। बालिका फ्री स्टाइल -39 किलो में प्रथम तमन्ना यादव धमतरी, 42 किग्रा में प्रथम सुभद्रा यादव बिलासपुर, 40 किलो प्रथम रुचि साहू धमतरी, 50 किलो में प्रथम खुशी साहू धमतरी, 54 किलो प्रथम उर्वशी साहू दुर्ग, 58 किग्रा प्रथम वेदांती ठाकुर रहे।

रायपुर बालक फ्री स्टाइल 38 किग्रा में प्रथम प्रशांत भोयर धमतरी,140 किग्रा में प्रथम विनय यादव धमतरी, 44 किग्रा में प्रथम कृष्णकांत यादव बिलासपुर, 48 किग्रा में प्रथम उदय सोनकर धमतरी, 52 किग्रा में प्रथम यमन यादव धमतरी, 57 किग्रा में प्रथम अंकित सोनकर धमतरी, 62 किग्रा में प्रथम उमंग भारती रायगढ़, 68 किग्रा में प्रथम अंकित नेताम दंतेवाड़ा, 75 किग्रा में प्रथम अमोल यादव रायपुर, 85 किलो में प्रथम बोनस कुमार साहू, धमतरी बालक रीको रोमन स्टाइल - 38 किग्रा में प्रथम निखिल सूर्यवंशी बिलासपुर, 140 किग्रा प्रथम शुभम यादव बिलासपुर, 44 किग्रा प्रथम कुलदीप कुमार ध्रुव धमतरी, 48 किग्रा प्रथम शुभम ढीमर बालोद ,52 किग्रा प्रथम अमन ठाकुर रायगढ़, 57 किग्रा प्रथम आर्यन निशांत धमतरी, 62 किग्रा प्रथम शौर्य जाधव धमतरी रहे। इस प्रकार धमतरी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का ऑल ओवर चैंपियन अपने नाम किया।

### चटौद स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण

**जीजामगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय हाईस्कूल चटौद में पौधरोपण किया गया। अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे जरूरी है। ये हमें ऑक्सीजन, खाने के लिए फल, गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिये सबको पौधरोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ है। इस अवसर पर सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमचंद साहू, सदस्य गुलाब साहू, प्राचार्य एचआर मरकाम, व्याख्याता एसके कंवर, केपी साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, दयानंद वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

1 जुलाई 1963 को हुई थी स्थापना, 9 जून 1981 को हुआ शासकीयकरण

# स्टेट के अग्रणी कॉलेजों में शुमार पीजी कॉलेज आज 62 वर्ष का हुआ

स्थापना दिवस पर विशेष



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

## सर्वसुविधायुक्त कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे गर्व महसूस करते हैं

धमतरी में स्थित पीजी कॉलेज को बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नाम से जाना जाता है। अब इनकी गिनती छत्तीसगढ़ राज्य के अग्रणी कॉलेजों में होती है। उत्कृष्ट पढ़ाई और सभी संकायों की पर्याप्तता के कारण धमतरी जिले के विद्यार्थियों के अलावा आसपास के जिले के विद्यार्थी यहां पढ़ने आते हैं। इस कॉलेज ने देश को बड़े बिजनेसमेन, अधिकारी, उन्नत कृषक, राजनेता आदि दिए हैं। सोरिद नगर में शांत माहौल में स्थापित पीजी कॉलेज में एडमिशन के लिए विद्यार्थियों में जबरदस्त होड़ लगी रहती है। स्टडी और अनुशासन के नाम पर विवि स्तर पर इसका नाम है। पीजी कॉलेज आज 62 वर्ष का हो गया है। 1 जुलाई 1963 का इस कॉलेज की स्थापना हुई। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी गर्व महसूस करते हैं। 1963 से पहले यहां के निवासियों को उच्च अध्ययन के लिए जिले से बाहर राजधानी या अन्य शहरों में आना पड़ता था।

सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे (पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज धमतरी) ने अपने संस्मरण और पीजी कॉलेज के लिए किए गए सेवा कार्यों के संदर्भ में बताया कि धमतरी में उच्च शिक्षा की शुरूआत 1 जुलाई 1963 को नूतन कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के नाम से हुई थी। कॉलेज की स्थापना स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के प्रयास से हुई थी। श्री चौबे ने बताया कि 1966 को एक अन्य कॉलेज का जन्म हुआ जिसका नाम विज्ञान कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय था। इन दोनों महाविद्यालय को मर्ज किया गया और शासन के प्रयास से 9 जून 1981 को शासकीयकरण किया गया। इससे पहले दोनों कॉलेज शासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालय थे। उस समय भी छात्र-छात्राओं की संख्या काफी अधिक थी। दूसरे जिले से विद्यार्थी यहां पढ़ने आते हैं। श्री चौबे ने बताया कि प्राचार्य रहते उन्होंने कॉलेज एवं छात्रों के हित में कई उल्लेखनीय कार्य किए। श्री चौबे के मार्गदर्शन, निर्देशन एवं प्रयास से आज कॉलेज सर्वसुविधायुक्त महाविद्यालय है।

कॉलेज के वर्तमान प्राचार्य विनोद कुमार पाठक ने बताया कि कॉलेज में विभिन्न संकाय की यूजी पीजी कक्षाएं संचालित हैं। वर्तमान में यहां बीए, बीएससी, आईटी, बीकॉम, आईटी, बीएचएससी, एलएलबी, एमए, एमएससी, पीजीडीसीए आदि कक्षाओं में 3500 से अधिक छात्र-छात्राएं रेगुलर अध्ययनरत हैं। सभी कक्षाओं में सीटों की संख्या अलग-अलग है। छात्र-छात्राएं दोनों साथ-साथ अध्ययनरत हैं। प्रोफेसर एवं विषय विशेषज्ञ अध्यापकों की संख्या 56 है। आफिशियल स्टाफ 14, लाइब्रेरी में 4, अन्य स्टाफ की संख्या 20 है। कुछ अन्य फेसिलिटी की मांग शासन एवं विवि स्तर पर की गई है।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षकों की भर्ती से बचने युक्तियुक्तकरणः पंकज



**महासमुंद।** छग नागरिक कल्याण समिति रायपुर के संयोजक, शैक्षणिक छात्र-अभिभावक संघ महासमुंद तथा पूर्व पार्षद पंकज साहू ने कहा कि राज्य में विधानसभा निर्वाचन 2023 में बीजेपी 57 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती करने का वादा करते हुये सत्ता पर काबिज हो गई। परंतु सत्ता की बागडोर हाथों में आते ही डबल इंजन की सरकार अपने वादे से मुँह मोड़ कर केन्द्र और पूंजीपतियों तथा माफियाओं के इशारे पर कार्य कर रही है। प्रदेश के मुखिया एक तरफ विकास की बात करते हैं। परंतु जब शिक्षा व्यवस्था ही सही नहीं है तो कैसा विकास? प्रदेश के विधायक और 11 सांसद इतने बड़े जनहित के मुद्दे पर मौन धारण कर बैठे हैं। बुनियादी शिक्षा, शिक्षा का आधार है। श्री साहू ने कहा कि महज शिक्षकों की भर्ती न करनी पड़े इसलिये सेटअप में बदलाव कर रही है सरकार और उसका नाम दे रही है युक्तियुक्तकरण।

## थानसिंह फिर बने कंवर पैकरा समाज खल्लारी के जिलाध्यक्ष




**महासमुंद।** खल्लारी के श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित कंवर पैकरा समाज की बैठक में चुनाव हुआ। जिसमें थानसिंह दीवान को कंवर समाज का पुनः जिलाध्यक्ष चुना गया। बैठक व चुनाव समाज के 16 परिक्षेत्र के सगाजन की भारी संख्या में मौजूद रहे। थान सिंह के जिलाध्यक्ष बनने के बाद आमाकोनी सर्कल परिक्षेत्र में खुशी का माहौल है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी परिक्षेत्र सर्कल के पदाधिकारियों ने आमाकोनी कंवर समाजिक भवन में आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। अपने उद्बोधन में थान सिंह ने सभी को साथ लेकर चलने व सहमति से समाज विकास करने व समाज विकास की नई गाथा एवं एक नई टीम के साथ काम करने की बात कहीं। महासभा खल्लारी की चुनाव प्रकिया संचालन में रामचरण दीवान (पूर्व संरक्षक) का सहयोग रहा।

## कबीर जयंती महोत्सव 11 को

**नगरी।** श्री कबीर सत्संग समिति नगरी सिहावा के तत्वावधान में संत शिरोमणि संत कबीर दास की जयंती साहू सदन नगरी में 11 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मनाई जाएगी। समारोह में कबीर दास के जीवन, दर्शन एवं उनके सामाजिक सुधार कार्यों पर आधारित प्रेरणादायक सत्संग, भजन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, समरसता और सद्भावना के संदेश को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रखा गया है।

## ओवरहेड टैंक की सफाई 14 से

**धमतरी।** जल विभाग के अध्यक्ष एवं एमआईसी मेंबर अखिलेश सोनकर ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगरनिगम सभी ओवरहेड टैंक की सफाई साल में दो बार करता है। महापौर के निर्देशानुसार 15 जून से पहले सभी 8 ओवरहेड टंकी की सफाई विशेषज्ञ कर्मचारियों द्वारा शुरू की जाएगी। सभी ओवरहेड टैंक की सफाई 14 जून से चालू की जाएगी जिसे सात दिन में कंप्लीट कर लिया जाएगा। सफाई के दौरान उस क्षेत्र में पानी सप्लाई बंद रहेगी।



# पूर्व सरपंच पर खेल मैदान, शासकीय घास एवं बांध की भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत, अब तक नहीं हुई कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना**

बसना तहसील के ग्राम पंचायत उड़ेला में शासकीय घास भूमि लगभग एक एकड़ चरागाह 2 एकड़ खेल मैदान के लिए पंचायत द्वारा आरक्षित कर रखा गया है।

शासकीय बांध उड़ेला, जिसे जल संसाधन विभाग बसना द्वारा देख रेख किया जाता हैं। इसके लगभग 10 एकड़ भूमि पर पूर्व सरपंच पुरूषोतम पटेल द्वारा अवैध कब्जा कर आलीशान मकान, कृषि भूमि बनाकर कब्जा किया गया है।

जिसका आरोप लगाकर विगत एक साल से लिखित शिकायत ग्राम के पूर्व सरपंच गणपत रात्रे, सिद्धिमनि नाग एवं पूरे ग्रामवासी द्वारा कलेक्टर महासमुंद , एसडीएम बसना, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग बसना, नायब तहसीलडार भंवरपुर के समक्ष किया गया है। जिस पर मात्र जांच के नाम पर हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक को भेज कर खानापूर्ति कराया गया है। शिकायत सही पाए जाने पर भी आज पर्यंत जांच रिपोर्ट नहीं लिया जा रहा है और ना ही बेदखली की कार्रवाई की जा रही हैं। जिसके कारण ग्राम उड़ेला की जनता में तीव्र आक्रोश देखा जा रहा है। गणपत रात्रे, सिद्धिमान नाग ने बताया कि यदि खेल मैदान, चारागाह भूमि तथा उड़ेला बांध से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो इसी सप्ताह एसडीएम कोर्ट बसना एवं उप तहसील मुख्यालय भंवरपुर का घेराव कर शासन प्रशासन को कुंभकर्णी नींद से जगाने पर विवश होंगे।

उपरोक्त संबंध में अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग बसना के अनुविभागीय अधिकारी जोएल मिंज ने बताया कि राजस्व निरीक्षक भोई, पटवारी पटेल बांध उड़ेला की जांच कर चुके हैं। शिकायत सही पाया गया है, पर आज पर्यंत नायब तहसीलडार भंवरपुर द्वारा जांच रिपोर्ट नहीं दी गई है। 10 एकड़ में पूर्व सरपंच खेत बनाकर ट्यूबवेल खुदवाकर अवैध बिजली लाइन लेकर कृषि कार्य कर रहा है। अवैध कब्जा हटा कर ट्यूबवेल जब्त करने की कारवाही रिपोर्ट प्राप्त होने पर जल्द की जाएगी।

# तीन माह का चावल वितरण कर पटपरपाली में मना चावल उत्सव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पटपरपाली(कोमाखान)**





सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत आम जनता को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए संचालनालय खाद्य विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा जिले के समस्त राशनकार्डधारी परिवारों के लिए आगामी तीन माह जून, जुलाई और अगस्त 2025 के लिए राशन सामग्री एकसाथ वितरण की जाएगी।

इसी तारतम्य में पटपरपाली उचित मूल्य दुकान में पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टाण्डेय, सरपंच लता कमलेश टाण्डेय, विक्रेता दूषण साहू, पंचायत पंचगण एवं सैकड़ों राशनकार्ड हितग्राहियों की उपस्थिति में चावल उत्सव मनाया गया। सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने कहा कि यह चावल वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम छत्तीसगढ़ खाद्य, पोषण सुरक्षा अधिनियम, मुयमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत है और पात्रता रखने वाले समस्त राशनकार्डधारियों को तीन माह जून-जुलाई-अगस्त के चावल का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। इसकी अवधि 1 जून से 30 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत चावल के अलावा अन्य खाद्यान्न सामग्री जैसे शक्कर, नमक का वितरण पूर्ववत मासिक आधार पर ही किया जाएगा। इन सामग्रियों का वितरण माह जून से अगस्त के दौरान शासन से प्राप्त पृथक-पृथक मासिक आबंटन के अनुसार किया जाएगा।

इसी कड़ी में पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय ने सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि बरसात से पहले तीन महीने का चावल मिलना हमारे लिए बड़ी राहत है। इससे कठिन समय में राशन की चिंता नहीं रहेगी, सरकार का यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है, विशेषकर ऐसे समय में जब बरसात के कारण परिवहन और आपूर्ति में बाधाएं आती। इस व्यवस्था से ग्राम पंचायत के हजारों राशनकार्डधारी परिवारों को समय पर राशन चावल प्राप्त होगा, जिससे बरसात में राशन उपलब्धता और जनता को आने वाली संभावित परेशानियों से राहत मिलेगी।

### पुण्यतिथि पर भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

चावल उत्सव के साथ ही ग्राम पंचायत पटपरपाली में बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर नमन स्मरण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक सर्वे की समीक्षा के लिए पीएआई (पंचायत उन्नति सूचकांक) से आमंत्रित अधिकारी राजकुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश में एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव, मीणा साहू, मितानिन कमलेश्वरी साहू, उपसरपंच चैतराम साहू, पंचगण थलेश्वरी साहू, हवंत साहू, मुकेश गुप्ता, कल्पना तिवारी, धान बाई साहू, कान्तिबाई साहू, धनाऊ साहू, मनोज साहू, केशाराम साहू, छगन साहू, चंद्रशेखर साहू, बाल कुमार साहू एवं भारी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# वार्ड 26 में मनाया गया चावल उत्सव



**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

शहर के वार्ड नं. 26 स्थित सार्वजनिक वितरण केंद्र में चावल उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 26 पार्षद पीयूष साहू, वार्ड नं. 29 पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, वार्ड नं. 10 पार्षद माखन पटेल, भाजपा नेतागण मनीष शर्मा, हनीष बग्गा, आकाश पांडेय, आनंद साहू, शरद मराठा, गौरव राठी द्वारा बीपीएल एवं एपीएल राशन कार्डधारियों को 3 माह का चावल वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि छग की विष्णुदेव सरकार जनता की हितैषी सरकार है। विधानसभा चुनाव में जितनी घोषणायें की गई थी, मोदी गारंटी के तहत राज्य की भाजपा सरकार ने सभी जनकल्याणी घोषाणाओं को लागू किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण आज 9 जून को हो रहा है। पूरे देश में संकल्प से सिद्धि को लेकर जनता तक पहुंचेंगे।

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि छग की सरकार बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश का विकास करा रही है उसी का परिणाम है चावल उत्सव पूरे प्रदेश की जनता में खुशी की लहर है। वार्ड पार्षद पीयूष साहू ने राशन दुकानदार को कहा कि जनता से शिकायत न आवे समय पर दुकान खोला जाए तथा दुकान में प्रचार प्रसार की समुचित व्यवस्था की जाए।

# सड़क किनारे के वृक्षों का संरक्षण जरूरी

**मगरलोड।** विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पौधे लगाकर संरक्षण कर पर्यावरण संतुलन में सहभागिता निभानी है। सड़क किनारे लगे बहुमूल्य पेड़ों का संरक्षण बहुत जरूरी है क्योंकि मानव निजी उपयोग के लिए इन पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला रहे हैं। ऐसे में संरक्षण के लिए इन पेड़ों को सफेद, लाल पेंट से चिन्हांकित किया जाए। इससे पता चल सके कि यह पेड़ सार्वजनिक और राहगीरों की छाया के लिए है। इन दिनों मगरलोड से नयापारा जाने वाले सड़क मार्ग में अतिक्रमण का ग्राफ बढ़ गया है। जहां सार्वजनिक पेड़ लगे हैं। उसे किसान अपने खेतों में मिलाकर पेड़ों को अपने कब्जे में ले रहे हैं जो बाद में इन पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल सकती है और राहगीरों को छाया नहीं मिलेगी। करेली बड़ी से कुण्डेल मार्ग में बड़े बड़े पेड़, सड़क किनारे दोनों तरफ नर्सरी लगी है। यहां के कुछ लोग खेतों का चौड़ीकरण कर पेड़ को अपने एरिया में ले रहे है। इससे सार्वजनिक पेड़ निजी बन रहे हैं। ऐसे में वन विभाग या संबंधित विभाग को सार्वजनिक पेड़ों की पहचान के लिए उसे चिन्हांकन करना चाहिए।

# तीन जुआरियों को पुलिस ने धरदबोचा



**चरमुड़िया, कोचिया तालाब के पास खेल रहे थे जुआ**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद**

कुरुद पुलिस ने ग्राम चरमुड़िया, कोचिया तालाब के पास ताश जुआ खेल रहे 3 जुआरियों से नगद 3270 रूपये, 2 नग मोबाइल कीमत 6,000 रूपये, 5 नग मोटरसाइकिल कीमत 85000 रूपये जप्त कर धारा 3(2) छग जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस ने मुखबिर के बताये स्थान ग्राम चरमुड़िया कोचिया तालाब शमशान घाट के पास रेड कार्यवाही कर आम जगह पर ताश खेल रहे जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा।

इनमें तीन आरोपियों चन्द्रहास साहू पिता स्व. रामाधार साहू उम्र 35 वर्ष, चरमुड़िया, कुलेश्वर कुमार साहू पिता छेत्रु राम साहू उम्र 42 वर्ष चरमुड़िया, भीखम साहू पिता बुधुराम साहू उम्र 53 वर्ष, मेंडरका शामिल है। इसके कब्जे से 52 पत्ती ताश, नगदी रकम 3270 रूपये, एक नग विवो कंपनी का एंड्रायड मोबाइल ब्लेक बूल रंग का कीमती करीबन 5000रूपये एवं एक नग जियो कंपनी कीपेड मोबाइल कीमत 1000 रूपये, स्कूटी मोटरसाइकिल क्रं सीजी 06 जीए 0408 कीमत 15000रू, मोटरसाइकिल एच एफ डीलक्स क्रं सीजी 05 ई 7699 कीमत 20,000 रू, मोटरसाइकिल पैशन प्रो क्रं सीजी 05 के 9045 कीमती करीबन 20000 रूपये मोटरसाइकिल एच एफ डीलक्स लाल रंग का क्रं सीजी 05 एएच 2444 कीमत करीबन 25,00 रूपये, टीवीएस एक्सेल 100 बिना नंबर पुरानी इस्तेमाली कीमत 5,000 रूपये जब्त कर कार्रवाई की गई।

## राहगीरों को जूस पिलाया महिलाओं को साड़ी बांटी

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 04 निवासी तामेश्वर सिन्हा उर्फ तेरे नाम ने अपने जन्म दिवस पर तालाब एवं सड़क किनारे फलदार, छायादार पौधे का रोपण कर उनकी परवरिश करने का संकल्प लिया था। उनके रोपे पौधे आज फल एवं छाया देने दे रहे है। वे हर साल अपने जन्मदिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल, बिस्किट वितरित करते हैं। इस वर्ष अपने जन्मदिवस पर मुख्य चौक पर स्टॉल लगाकर राहगीरों एवं नगरवासियों को गन्ना जूस पिलाया व बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी वितरण का आशिर्वाद लिया। जरूरतमंद लोगों को चावल बांटा। इस कार्य में उनके परिजनों ललिता सिन्हा, जिया, पिया, रिया ने सहयोग प्रदान किया।

# शराब, जुआ के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

- सिर्री और सिवनी के बीच खार में सजी थी बावनपरियों की महफिल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

पुलिस ने जुआ, शराब के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। पूरे जिले में कार्रवाई का दौर जारी है। सिटी कोतवाली पुलिस ने जहां शराब बेच रहे कोचियों को धरदबोचा है, वहीं बिरेझर पुलिस ने जुआरियों पर शिकंजा कसा है।

पुलिस चौकी बिरेझर ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिर्री और सिवनी के बीचखार में दबिश दी, यहां पर आम जगह पर बावनपरियों की महफिल सजी थी। पुलिस ने ताश के माध्यम से जुआ खेल रहे जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने 5 जुआरियों से नगदी 19500 एवं ताशपत्ती जप्त की है। उनके खिलाफ चौकी बिरेझर थाना कुरूद में धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं कार्रवाई के दौरान जुआरियों द्वारा हुड़दंग कर शांतिभंग करने के आरोप में उनके विरुद्ध प्रतिबंधक धारा 170/ 125,135 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी बिरेझर उनि अजय सिंह, प्रआर हेमू साहू, शेषनारायण पाण्डे सहित अन्य जवानों की भूमिका रही।

### सिटी कोतवाली ने शराब कोचिया को पकड़ा



धमतरी पुलिस द्वारा लगातार अवैध रूप से शराब बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाषनगर कांटा तालाब पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। जहां पर आरोपी महेन्द्र देवांगन उम्र 35 वर्ष सुभाष नगर वार्ड शराब बेचते मिला। उसके पास से थैले में 23 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1840 रूपए एवं बिक्री रकम 300 रुपए जप्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में सउनि जामवंत देशमुख, आरक्षक रंजीत कुर्रे का योगदान रहा।

# कुरुद कालेज की छात्रा आकांक्षा ने राज्य पात्रता परीक्षा में किया टॉप



**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद के प्राणीशास्त्र विभाग की छात्रा आकांक्षा चंद्राकर ने राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) में टॉप किया। राज्य शासन द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा में कुरुद महाविद्यालय के विभिन्न विषयों में छात्रों ने सफलता हासिल की। प्राणीशास्त्र विभाग से ही 10 छात्रों आकांक्षा चन्द्राकर, महेश साहू, गोवन्दि‍ा साहू, खोमेश्वर साहू, चम्पेश्वर निषाद, प्रियंका दिली, सोनाली वासनिक, नीरज साहू, पूनम साहू एवं उषा ध्रुव ने जैविकी विज्ञान विषय के तहत सफलता प्राप्त का। भौतिक शास्त्र विभाग से 6 छात्रों गोपाल साहू, रोशन साहू, त्रिलोक साहू, सुस्मिता साहू, हेमेन्द्र साहू एवं सूरजराम ने सेट में सफलता हासिल की एवं वाणिज्य विभाग के एक छात्र रामकुमार ने सफलता प्राप्त की। आकांक्षा चंद्राकर ने इस परीक्षा में जैविकी विज्ञान विषय में प्रथम स्थान हासिल कर प्राणीशास्त्र विभाग और महाविद्यालय की विगत परंपरा को कायम रखा है। विदित हो कि प्राणीशास्त्र विभाग से हर साल राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में छात्र जूनियर रिसर्च फेलोशिप और राष्ट्रीय पात्रता हेतु चयनित होते रहे हैं। आकांक्षा ने भी विगत वर्ष 2021 में जेआरएफ के लिए क्वालीफाई की थी। वर्तमान में वे शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर में डॉ. शशि गुप्ता के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। आकांक्षा के पिता फकीरसिंह चन्द्राकर कृषक हैं तथा मां श्रीमती वर्षा चन्द्राकर गृहणी हैं।

# पंचायत सचिव ने की उपसरपंच पर कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड**

ग्राम पंचायत गिरौद के उपसरपंच द्वारा पंचायत सचिव से गाली-गलौज कर उसे धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत गिरौद में पदस्थ पंचायत सचिव दुलार सिंह साहू ने 4 जून को मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पुलिस थाना में लिखित आवेदन किया है। पंचायत सचिव ने बताया कि 2 जून को प्रतिदिन की तरह पंचायत कार्यालय में कार्य कर रहा था। वन परिक्षेत्र मोहंदी डिप्टीरेंजर, बालमुकुंद निषाद, सरपंच तलेश्वर साहू, पूर्व सरपंच मंगल निषाद के साथ पौधरोपण के लिए नदी किनारे श्मशान घाट के आसपास स्थल का चयन किया गय। तपश्चात पटवारी से स्थल का नक्शा, खसरा लेने गया था। पंचायत सचिव दुलार सिंह साहू ने बताया कि पटवारी कार्यालय से निकलकर पंचायत कार्यालय आ रहा था। रास्ते में उपसरपंच लुकेश साहू रेत खदान नीलामी का कागजात, पंचायत अभिलेख ग्रामीणों के सामने प्रस्तुत करने गाली गलौज कर धमकाते हुए बलपूर्वक ग्रामीण समाज द्वारा आयोजित बैठक में ले गया।

## स्टार्टअप रोजगार प्राप्त कर अच्छा लाभ ले सकते हैं : डॉ. शीतल चौहान

# व्हाट्सएप एआई टेक्निक से युवा स्थापित कर सकते हैं स्वरोजगार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**



एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जो एक इंसान को मशीन, कम्प्यूटर जैसी निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। आज के बेरोजगार युवा एआई टेक्निक की मदद से एक शानदार बिजनेस कर सकते हैं। बता दें कि इसे जिला प्रशासन ने गुड सर्विसेज कहा है और युवाओं को अपनाने की सलाह दी है।

डॉ. शीतल चौहान एम. टेक साफ्टेवयर इंजीनियर बैंगलोर मूल निवासी ने हरिभूमि को बताया कि एआई टेक्निक से किसी भी क्षेत्र में रहकर महारथ हासिल कर सकते हैं। कृषि, स्वास्थ्य, बैंकिंग, शिक्षा, वित्त, विनिर्माण, प्रोडक्शन, सेल्स, कंपनी, गृह उद्योग आदि क्षेत्र में इसका उपयोग किया जा सकता है। एआई की बारीकियों को सीखने की जरूरत है। इसे किसी एक्सपर्ट के माध्यम से सीख सकते हैं। कम अवधि में अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार अपना सकते हैं। ध्यान रहे कि इसका दुरूपयोग न हो वरना लेने के देने पड़ सकते हैं। डॉ. चौहान का कहना है कि एआई टेक्निक एक मानव निर्मित कम्प्यूटर माइंड है, जिसे जो पूछेंगे वह बताएगा। अच्छी चीज ही पूछिए और लाभ प्राप्त कीजिए। एआई से मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, आटोमिशन जैसी तकनीकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एआई का म्यूजिक और फिल्म प्रोडक्शन के क्षेत्र में अच्छा उपयोग है। फोटोग्राफी से जुड़े व्यवसायियों के लिए काफी लाभप्रद है। इसकी सहायता से कार्यों में तेजी आई है। एआई टेक्निक समय की मांग है। इसे सीखकर स्टार्टअप रोजगार शुरू कर सकते हैं।

## 11 का शेष

### शिक्षक के विरुद्ध जाली ...

मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक दिनेश प्रधान बसना ब्लॉक के ग्राम पिताईपाली के प्राथमिक शाला में पदस्थ थे। उन्होंने जनपद पंचायत बसना के आदेश क्रमांक 1105 के तहत स्वास्थ कारणों और गंभीर बीमारी का हवाला देते हुए स्वयं के व्यय पर पिथौरा ब्लॉक में स्थानांतरण करा लिया था। हालांकि, वरिष्ठता सूची में उनका नाम पात्रता के दायरे में नहीं आया। आरोप है कि इसके बावजूद दिनेश प्रधान ने कथित तौर पर कूटरचना कर जाली दस्तावेज तैयार किए और अपने स्थानांतरण को प्रशासनिक रूप देकर वरिष्ठता सूची में गलत तरीके से स्थान हासिल कर लिया। जांच कमेटी युक्तियुक्तकरण के आधार पर हर पहलू की पड़ताल करेगी। यदि शिक्षक दिनेश प्रधान दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ पदावनत (डिमोशन) सहित विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा विभाग में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। आरोपी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप



### तालाब पार में लगाया गया कदम का पौधा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के बड़े तालाब पार में कदम का पौधा लगाया गया। शिक्षक भानू चंद्राकर, शिक्षक धर्मराज चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर भानू चंद्राकर ने कहा कि एक पौधे लगाने से शुभ कार्य माना जाता है। हिंदू धर्म में पेड़-पौधे लगाने से कई लाभ होते हैं, जैसे कि पितर और देवताओं की प्रसन्नता, यज्ञों का पुण्य प्राप्त होते हैं।

### नपा पेंशनर्स संघ का हुआ चुनाव

**महासमुंद।** नगर पालिका पेंशनर्स संघ का चुनाव 08 जून रविवार को हुआ। चुनाव पूर्व आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। 14 मार्च 2024 से 30 मई 2025 तक कुल आय 1,48,625 एवं व्यय 82,035 रुपए है। उपरांत 66,590 रुपए बचत बताया गया है। सभी के द्वारा आय-व्यय पत्रक एवं पासबुक का अवलोकन किया गया। पश्चात चुनाव कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें अध्यक्ष बीडी सोनवानी, उपाध्यक्ष विजय कुमार साहू, सचिव राम कुमार लोधी, संरक्षक चित्ररेखा कश्यप एवं कार्यकारिणी सदस्य में नाथूराम बया, जगदीश साहू, लेखराम चंद्राकर, कादिर हुसैन, राजू सोना, विनोद कुमार सेलके, दसरी बाई यादव, मंगतीन बाई सोना, नैनो बाई एवं दुखी बाई का मनोनयन किया गया। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव / मनोनयन सर्वसम्मति से निर्विरोध हुआ। उक्त जानकारी नवनिर्वाचित अध्यक्ष (लगातार तीसरी बार के अध्यक्ष) बीडी सोनवानी ने दी है।

### जगमीत कौर का निधन



**महासमुंद।** शहर के बीटीई रोड निवासी श्रीमती जगमीत कौर का 76 वर्ष की आयु में सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इंद्रजीत सिंह खालसा 'गोल्डी' की माता थीं। अंतिम यात्रा सोमवार को निवास स्थान से भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम को निकली। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिक, भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं सहित काफी संख्या में नागरिकण शामिल रहे।

## आयोजन : किसानों को उन्नत किस्म के धान बीज का किया गया वितरण

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बड़ेसाजापाली में कृषक शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

विकसित भारत 2047 के संकल्प

■ किसानों को मिली आधुनिक खेती की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी



को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में 12 जून तक विभिन्न स्थानों पर कृषक चौपल व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के ग्राम बड़ेसाजापाली में आज कृषक प्रशिक्षण एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय कृषकों के लिए ज्ञान, नवाचार और समाधान का केंद्र बना।

इस दौरान शिविर में किसानों को खेत की तैयारी से लेकर फसल कटाई तक की विज्ञान-आधारित कृषि क्रियाएं समझाई गईं। साथ ही मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक और बाजार संभावनाएं, लाइट ट्रैप व फेरोमोन ट्रैप से कीट नियंत्रण की जैविक विधियां, जैविक खेती के लाभ व स्थायी खेती की दिशा में कदम, सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं कृषि यंत्रों की जानकारी दी गई। शिविर में किसानों की समस्याओं का सीधा समाधान किया गया तथा फसल रोग और मिट्टी परीक्षण सुझाव दिए गए।

इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा वैरायटी एमटीयू 1318 एवं स्वर्णा धान बीज कृषकों को वितरण किया गया। इनमें कृषक पुनीत राम, हलधर, द्वारिका एवं फुलबाई शामिल है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी खेस शामिल हुई, जिनके मार्गदर्शन में शिविर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद से डॉ. रवीश केसरी, डॉ. एसके प्रधान, डॉ. योगेश्वर पटेल तथा पशुपालन विभाग से डॉ. सत्यप्रकाश साहू, सरपंच बड़ेसाजापाली ईश्वरी कुर्रे, सरपंच बेलटिकरी, सरपंच मुंगाडेही डोरीलाल धृतलहरे, समिति प्रभारी गणेश सिंह नेताम, उद्यानिकी विभाग से डीके राठिया मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी (भावेपुर), सोसायटी अध्यक्ष झनकराम चौधरी, अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण कृषकों और ग्राम के कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश कुमार, होमेश ध्रुव, और कमल नारायण निषाद मौजूद थे।

शिविर में बड़ेसाजापाली एवं आसपास के ग्रामों से आए सैकड़ों किसानों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

उन्होंने विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर अपनी जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं और आधुनिक कृषि की दिशा में प्रगति हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया। यह शिविर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हो रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत कनकेवा सोसायटी में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी आह्वान एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा मंडल सरायपाली के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कनकेवा में वृहद पौधरोपण किया गया। जिस तरह से देश और दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते भीषण गर्मी और अकाल जैसी स्थित निर्मित हो रही है। पेड़ की कमी और बारिश की अथवा असमय बारिश की चिंता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पहले की अपेक्षा तापमान भी बढ़ रहा है, जिसको नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय वृहद पौधरोपण ही है। वृक्ष के कमी के कारण अनेक प्रकार की समस्याएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। साथ ही वातावरण भी वृक्ष की कमी के कारण दूषित होती जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थितजनों को अपने जन्मदिन, विवाह दिन के साथ साथ अपने ईष्ट मित्र तथा परिवारजनों के जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ पर एक पेड़ आवश्यक रूप से लगाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य सरला कोसरिया, विशिष्ट अतिथि कुमारी भास्कर, कनकेवा सोसायटी अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा, प्रमोद कुमार सागर, मनोज कुमार दास, कनकेवा सरपंच नकुल चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से हितेश यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, मंडल महामंत्री विदित धनानिया, कोषाध्यक्ष तरुण बारीक, रोहित साहू, मोहन चौहान आदि मौजूद रहे।

## लहरौद में आवेदक एवं अनावेदिका दोनों पक्षों को दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

दैनिक समाचार पत्रों में ग्राम लहरौद के 70 वर्षीय विधवा प्रतिभा मसीह की पुकार को प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है एवं प्रशासन उदासीन है के संबंध में पिथौरा एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह ने आवेदक एवं अनावेदिका को समझाइश देते हुए उक्त भूमि के संबंध में वस्तुस्थिति स्पष्ट किया है। उन्होंने बताया कि पिथौरा तहसील अंतर्गत ग्राम लहरौद स्थित वाद भूमि खसरा क्रमांक - 657/2 रकबा 0.73 हेक्टेयर बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज है अर्थात मूलतः शासकीय भूमि है। जिसमें आवेदिका प्रतिभा मसीह द्वारा 49×32 =1568 वर्गफीट में अतिमक्रमण कर कब्ज़ा किया गया है एवं 10×25 =250 वर्गफीट पर मकान बनाया गया था, 22 जनवरी 2019 में आवेदिका प्रतिभा मसीह एवं अनावेदिका गंगादेवी ध्रुव के मध्य 50 रुपए के स्टांप पेपर में राशि 73 हजार रुपए का गिरवीनामा हुआ था एवं 6 माह में राशि लौटाने का जिक्र करते हुए उपरोक्त मकान के एवज में ली गयी रकम एवं मकान निर्माण में आए हुए खर्च को पूरी तरह से अदायगी होने तक गिरवीकर्ता द्वारा आपत्ति दावा नहीं किया जाएगा, उल्लेखित है कि दिसंबर 2019 से गंगादेवी उस मकान में निवासरत है। इस प्रकार शासकीय भूमि पर अवैध कब्ज़ा व निर्माण कर निवास किया जा रहा है। शासकीय भूमि होने के कारण आवेदिका व अनावेदिका दोनों का ही भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई भी दावा पोषणीय नहीं है। अनावेदिका चूंकि शासकीय सेवा में है इसलिए संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए इसकी सूचना दी जाएगी।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए बाल व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप का सफल समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान आज के तनाव भरे वातावरण में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने राजयोग की शिक्षा को बाल्य काल से ही ग्रहण करने का सुझाव देता है। इस समापन सत्र में विशेष मुख्य अतिथि के रुप में पधारे चंद्रोदय स्कूल के प्रधान अध्यापक नवीन चंद्राकर, वार्ड नंबर 4 पार्षद राहुल आवडे, पूर्व पार्षद मीना वर्मा, राधेश्याम साहू रहे। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा एक नाटक के माध्यम से अन्य बच्चों को सीखने का मौका मिलेगा। जिसमें बताया गया कि हमें अपने संस्कृति और सभ्यता का कैसे संरक्षण करना चाहिए। मां-बाप बच्चों को बचपन से अच्छी शिक्षा प्रदान करें, यह ध्यान देने योग्य बातें है। विदेश जाकर वहां के संस्कृति के आकर्षण में आकर बच्चे मां बाप को भूल जाते हैं ऐसा नहीं होना चाहिए। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने सभी बच्चों को बाल्य काल से नैतिक शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी। राजयोग मेडिटेशन की नित्य प्रति दिन अभ्यास हमें डायरेक्ट उस परम सत्ता से जोड़ता है और उससे निकलती हुई प्रकंपन हमें नैतिक मूल्यों से भरपूर करतीं हैं। ब्रम्हा कुमारी बहनों ने राजयोग ध्यान का अभ्यास भी कराया।



### जोगीपाली में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता हुई

**भंवरपुर।** रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिताा का आयोजन ग्राम पंचायत जोगीपाली में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत महासमुंद देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया थी। अध्यक्षता ग्राम पंचायत जोगीपाली सरपंच खेलकुमार भोई ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता परमानंद पटेल उपस्थित थे। शुभारंभ के अवसर पर देवकी ने कहा कि खिलाड़ियों में खिलाड़ी भावना होनी चाहिए। क्योंकि, खिलाड़ियों का जात पात और धर्म नही होता सिर्फ खिलाडी धर्म होता है। कार्यक्रम में निमंकर पटेल ग्राम पंचायत सचिव, हरिश्चंद मानिकपुरी सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### कोसरंगी में किया गया पौधारोपण

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कोसरंगी में सरपंच सुरेश कुमार साहू के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण के दिवस पर एक पेड़ मां के नाम का पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के विधायक प्रतिनिधि द्वारका साहू, धनेश्वर साहू, आत्माराम साहू शिक्षक, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुषमा यादव, मिडिल स्कूल से शिक्षिका दीवान, ममता चंद्राकर एवं डोमल कोसले पंचायत ऑपरेटर उपस्थित रहे।



### नाली निर्माण का कार्य अधूरा, लोगों को परेशानी

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 3 अयोध्यानगर में बड़ी नाली का निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा दो-तीन माह से गड्ढा खोद कर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे की मोहल्लेवासी को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी दुर्घटना होने की संभावना है। गड्ढा नाली के पानी भर गया है। इसी मार्ग पर लोगों का आवागमन होता है। नगर पालिका, वार्ड पार्षद एवं ठेकेदार द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्डवासियों ने शीघ्र ही नाली निर्माण की मांग की है।

### सीएचसी बसना में शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ फिक्स डे कैंप आयोजित किया गया। जहां 45 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। इसमें डॉ नारायण साहू बीएमओ, ढोलचंद नायक बीपीएम, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लिनिक से डॉ सीपी चंद्राकर नोडल, रामगोपाल खूंटे पीएसडब्लू, व टेकलाल नायक आदि का सहयोग रहा।

### सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित सहायक विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन रविवार 15 जून 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से 12:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा महासमुंद जिले के निर्धारित 37 परीक्षा केंद्रों में एक ही पाली में संपन्न होगी। जिले से कुल 10066 परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुगम एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा परीक्षा केंद्रों तक गोपनीय सामग्री पहुंचाने के लिए परिवहन अधिकारी, पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर ने संबंधित सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए निर्वहन करने निर्देशित किया है।



### राशन दुकान में मनाया चावल उत्सव

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 16 डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड के सार्वजनिक वितरण प्रणाली राशन दुकान में चावल उत्सव मनाया गया। इस दौरान पार्षद धनेंद्र चंद्राकर ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा 3 माह का एकमुस्त राशन वितरण किया जा रहा। इस दौरान उन्होनें राशन दुकान संचालक से हितग्राहियों और राशन वितरण की जानकारी भी ली।

### बस के हेल्पर से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली में एक व्यक्ति ने बस के हेल्पर से मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी टिकेश्वर निवासी वार्ड नंबर 02 महलपारा सरायपाली ने बताया कि वह शिवनाथ बस में हेल्पर का काम करता हूं। 8 जून की दोपहर 01.30 बजे वहअपने घर पर था तभी मेरे मोबाइल में कृष्णा सोना ने मुझे काम है कहते हुए बुलाया। इसके बाद वह अपने मोटर सायकल को लेकर मोहल्ले में और प्रार्थी उसके साथ बैठकर महलपारा तालाब आए जहां आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



### भागवत कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** खल्लारी क्षेत्र के ग्राम पोटिया खट्टी में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान अमृत कथा में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के साथ महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। आयोजनकर्ता ग्रामीणों ने उनका भगवा गमछा व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने भागवत भगवान की पूजा कर अंचलवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक है। भागवत हमें धर्म, करूणा, सद्मार्ग की प्रेरणा देता है। सभी ग्रंथों में भागवत को श्रेष्ठ माना गया है। इसमें जन्म-मृत्यु के बीच के समस्त जीवन वृतांत को दर्शाया गया है। भागवत ग्रंथ मानव को संयमित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भागवत श्रोतागण उपस्थित थे।

## बेलसोंडा के ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर पहुंचे विभाग

### बेलसोंडा के अखरापारा में नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



ग्राम बेलसोंडा के ग्रामीणों ने सोमवार को दोपहर 12 बजे महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर के नेतृत्व में बिजली दफ्तर पहुंचे। जहां ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने और बिजली कटौती के संबंध में ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बिजली की कटौती की समस्या हो रही है। साथ ही लो वोल्टेज की भी समस्या गांव में उत्पन्न हो रही है, जिसे जल्द से जल्द सुधारा जाए। जनपद उपाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बेलसोंडा के अखरापारा पारा में ट्रांसफार्मर लगा है, वह लोड नहीं ले रहा है। जिसके कारण गांव में वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसकी शिकायत हमने बिजली अधिकारी वर्मा से कर चुके है। फिर भी हमारी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा। जिसके चलते सैकड़ों ग्रामीणों को बिजली दफ्तर शिकायत पत्र देने आना पड़ा। लगभग दो माह से बिजली की समस्या ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है। श्रीमती चंद्राकर ने आगे बताया कि अपने जनपद क्षेत्र साराडीह पंचायत का भी लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान हैं, जिसकी शिकायत पूर्व सरपंच साजन यादव द्वारा 3 वर्ष पहले कर चुके हैं एवं नया ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर बिजली ऑफिस का चक्कर काट रहे है। परंतु, आज तक समस्या बनी हुई है। मार्च माह में वर्मा से पुनः शिकायत की गई थी। लेकिन, आश्वासन के अलावा कुछ भी मिलता।

उन्होंने कहा कि बिजली संसाधन सभी में उपयोग होती है, पीने के पानी से लेकर भोजन तक तैयार होता है। लेकिन ऐसे स्थिति में लोग क्या करें। बड़ी विडंबना है। मुख्यालय से लगा हुआ गांव में कभी भी अनावश्यक 24 घंटे बिजली गूल रहता है। गांव वाले भी उतना भी बिल भुगतान करते हैं। परंतु, गांव वालों को सुविधाएं से वंचित क्यों किया जाता है, जो समझ से परे है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि हमारी समस्या का निराकरण नहीं होगा तो बिजली दफ्तर का घेराव करने की चेतावनी दी है।

